हरियाणा विधान सभा

अगस्त सत्र 2025

तारांकित प्रश्न

27 अगस्त 2025

कुल प्रश्न 20

अग्रोहा को उप-तहसील के रूप में घोषित करना

***61** **श्री नरेश सेलवाल (उक्लाना):**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या अग्रोहा को उप-तहसील के रूप में घोषित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हां, तो इसके कब तक इस रूप में अधिसूचित किए जाने की संभावना है?

पंजीकृत आपराधिक मामलों की संख्या

***62** **श्री आदित्य सुरजेवाला (कैथल):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) राज्य में 2018-19 से अब तक हत्या, हत्या का प्रयास, बलात्कार, डकैती, अपहरण, जबरन वसूली, चोरी, छेड़छाड़/लज्जा भंग करना, नशीले पदार्थों/ स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ तथा अन्य गंभीर या जघन्य अपराधों के लिए दर्ज आपराधिक मामलों की वर्षवार संख्या कितनी है;

(ख) क्या यह तथ्य है कि राज्य में अपराधियों के ग्रुप, गिरोह, संगठित अपराधियों तथा वसूली माफिया के विभिन्न समूह सक्रिय हैं; यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या ऐसे अपराधियों का कोई अंतर्राज्यीय या देश के भीतर संबंध है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है; तथा

(घ) राज्य में संगठित अपराध की समस्या से निपटने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए तथा उठाए जाने की संभावना है?

मारकंडा नदी से गाद निकालना

*63 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान मारकंडा नदी से गाद निकालने का कार्य क्यों नहीं किया गया तथा उपरोक्त नदी से गाद कब तक निकाले जाने की संभावना है?

अस्पताल का निर्माण कार्य पूरा करना

*64 **श्री प्रमोद कुमार विज (पानीपत सिटी):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) नागरिक अस्पताल परिसर, पानीपत में मातृ एवं शिशु देखभाल अस्पताल के निर्माण की अनुमानित लागत कितनी है;

(ख) उपरोक्त अस्पताल के निर्माण के कार्य को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है; तथा

ग) इस मातृ एवं शिशु देखभाल अस्पताल में कितने बिस्तर उपलब्ध कराये जाएंगे तथा इसमें कौन-कौन सी सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने की संभावना है?

डंपिंग पॉइंट बंद करना

*65 **श्री अशोक कुमार अरोड़ा (थानेसर):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या ब्रह्मसरोवर के पश्चिमी तट पर स्थित डंपिंग पॉइंट को बंद करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

हरित पट्टी विकसित करना तथा उपरि पुल का निर्माण करना

*66 **श्री जगमोहन आनन्द (करनाल):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2017 में करनाल में करनाल-मेरठ रोड़ पर हरित पट्टी विकसित करने तथा सेक्टर-6 चौंक पर उपरि पुल के निर्माण के लिए घोषणा की गई थी;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि उपरोक्त घोषणा से संबंधित मामला वर्ष 2021 से मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें) के पास लम्बित पड़ा है; तथा

ग) क्या उपरोक्त उपरि पुल का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

बहुतकनीकी महाविद्यालय का दर्जा डिग्री महाविद्यालय के रूप में बनाना

*67 **मो. इसराईल (हथीन):**

क्या उच्चत्तर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या हथीन में बहुतकनीकी महाविद्यालय, उटावड़ का दर्जा डिग्री महाविद्यालय के रूप में बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है?

ई.एस.आई अस्पताल को चालू करना

*68 **डॉ. कृष्ण कुमार (बावल):**

क्या श्रम मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि बावल कस्बे के औद्योगिक क्षेत्र में ई.एस.आई अस्पताल का भवन बना हुआ है परंतु उक्त अस्पताल अब तक चालू नहीं किया गया; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त अस्पताल को कब तक चालू किए जाने की संभावना है?

बाढ़ की समस्या का स्थायी समाधान उपलब्ध कराना

*69 **श्रीमती रेनू बाला (साढौरा):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि साढौरा विधानसभा क्षेत्र के व्यासपुर तथा छछरौली खण्डों में खानुवाला, चिंतपुर, मलिकपुर बांगर, रुकाली, बसातियां वाला, धर्मकोट तथा दरियापुर जैसे गाँव सोम नदी से आने वाली बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो जाते हैं; तथा

ख) यदि हां, तो क्या इन गाँवों में बाढ़ की समस्या का स्थायी समाधान उपलब्ध कराने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उपरोक्त समस्या का समाधान कब तक किए जाने की संभावना है?

शामलात की भूमि चकबंदी करना

*70 **श्री मनमोहन भड़ाना (समालखा):**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) पानीपत जिले में यमुना नदी के साथ लगते गांवों में कुल कितनी शामलात भूमि है;

(ख) क्या सरकार द्वारा इस भूमि की चकबंदी की गई है, यदि हां, तो उन गांवों के नाम क्या हैं जहां ऐसी चकबंदी की गई है तथा प्रत्येक गांव में कितनी भूमि की चकबंदी की गई है तथा इस चकबंदी के लिए क्या मांपदंड अपनाए गए हैं;

(ग) यदि नहीं, तो उपरोक्त शामलात भूमि की चकबंदी कराने के लिए सरकार का क्या प्रस्ताव है; तथा

(घ) क्या चकबंदी के दौरान ग्राम पंचायत, किसानों या अन्य हितधारकों द्वारा कोई विवाद या शिकायत की गई है; यदि हां, तो इस सम्बन्ध में जांच के परिणाम क्या है तथा दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कारवाई की गई है?

चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण पूरा करना

*71 **श्री घनश्याम दास (यमुनानगर):**

क्या चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) श्री गुरु तेग बहादुर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, पांजुपुर, जिला यमुनानगर में चल रहे महाविद्यालय का निर्माण कार्य पूरा होने की अपेक्षित तिथि क्या है; तथा

(ख) उपरोक्त महाविद्यालय में एम.बी.बी.एस तथा अन्य पैरामेडिकल कोर्सों में प्रवेश कब तक शुरू होने की संभावना है?

जे.बी.टी शिक्षकों की भर्ती

***72 श्री कुलदीप वत्स (बादली):**

क्या विद्यालय शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि 28 सितंबर, 2024 को विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने से कुछ समय पहले हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जे.बी.टी (मेवात कैडर) में भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी, परंतु उपरोक्त परीक्षा का परिणाम अब तक घोषित नहीं किया गया तथा हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आगे भर्ती की कोई प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है; तथा

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

उद्योगों को स्थापित करना

***73 श्री राजबीर फरटिया (लोहारू):**

क्या उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या लोहारू विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र की राजस्थान सीमा के निकट भौगोलिक स्थिति तथा औद्योगिक विकास की उच्च संभावना को ध्यान में रखते हुए, वहां लघु, मध्यम या बड़े उद्योगों को स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में अब तक क्या कार्रवाई की गई है?

बाई-पास का निर्माण करना

***74 श्री अनिल यादव (कोसली):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि कोसली में बाई-पास के निर्माण के लिए वर्ष 2015 में पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की गई थी, परंतु अभी तक कोई कार्य शुरू नहीं किया गया; तथा

(ख) क्या कोसली में बाई-पास का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा इसका निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

बरसाती पानी की निकासी करना

***75 श्री विनोद भयाना (हांसी):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि हांसी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के ढाणा कलां, रामपुरा, भाटोल जाटान, जीतपुरा, मेहन्दा, चैन्नट, भाटला, कुम्भा, तथा थुराणा गांवों में तथा खेतों में बरसात के मौसम में पानी अन्य गांवों से आ जाता है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त समस्या का समाधान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उपरोक्त समस्या का समाधान कब तक किए जाने की संभावना है?

बकाया भुगतान जारी करना

***76 श्रीमती शैली चौधरी (नारायणगढ़):**

क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि नारायणगढ़ शुगर मिल में वर्ष 2024- 25 की गन्ने का रुपए 12.51 करोड़ का भुगतान बकाया है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त बकाया भुगतान कब तक जारी किए जाने की संभावना है?

आई.एम.टी का निर्माण कार्य शुरू करना

***77 श्री कँवर सिंह (महेंद्रगढ़):**

क्या उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि महेंद्रगढ़ विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव खुडाना में प्रस्तावित आई.एम.टी का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

खेल नर्सरी में आहार भत्ते का ब्यौरा

***78 श्री बलवान सिंह दौलतपुरिया (फतेहाबाद):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या फरीदाबाद जिले में खेल नर्सरी में नामांकित बच्चों को आहार भत्ता दिया जा रहा है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

गांव जखोली में आई.टी.आई स्थापित करना

***79 श्री विकास सहारण (कलायत):**

क्या युवा अधिकारिता तथा उद्यमिता राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या गांव जाखोली में आई.टी.आई स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है; तथा

(ख) उक्त आई.टी.आई के निर्माण पर खर्च होने वाली अनुमानित लागत कितनी है?

उप-मंडल कार्यालय के भवन का निर्माण करना

*80 **श्री शीशपाल केहरवाला (कालांवाली):**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) वर्तमान में कालांवाली में उप-मंडल कार्यालय किस स्थान पर संचालित हैं;

(ख) क्या उप-मंडल कार्यालय के लिए एक नए भवन का निर्माण करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ग) यदि हां, तो इस भवन का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है; तथा

(घ) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं ?